दिन– बुधवार दिनांक– 13 / 08 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। अवधि– 15 मिनट

---

01. प्रदेश में राजस्व महाअभियान के दौरान सरपंच और मुखिया के हस्ताक्षर से जारी मृत्यु प्रमाण पत्र भी होंगे मान्य।

02. लोक आस्था के महापर्व छठ को यूनेस्को की अमूर्त सांस्कृतिक विरासत सूची में शामिल कराने की प्रक्रिया शुरू हुई।

03. प्रदेश में गंगा समेत प्रमुख नदियों के जलस्तर में कमी के बाद भी दस जिलों में बाढ़ की स्थिति में कोई सुधार नहीं।

04. और, मौसम विभाग ने आज पश्चिम चंपारण, सीवान और गोपालगंज समेत नौ जिलों में भारी बारिश से अति भारी बारिश का अलर्ट जारी किया।

---

राज्य में उत्तराधिकार और बंटवारा आधारित नामांतरण को सुगम बनाने के लिए सरकार ने सरपंच और मुखिया के हस्ताक्षर से जारी मृत्यु प्रमाण पत्र को भी मान्यता देने का निर्णय लिया है। यह अभियान सोलह अगस्त से बीस सितम्बर तक चलेगा। राजस्व और भूमि सुधार विभाग के अपर मुख्य सचिव दीपक कुमार सिंह ने बताया कि सभी जिला समाहर्ताओं को इस संबंध में निर्देश भेजा गया है। उन्होंने बताया कि महाअभियान की सफलता के लिए पंचायत प्रतिनिधियों के संघों के साथ बैठक हुई है। अपर सचिव ने कहा कि कई मामलों में रैयत या जिसके नाम से जमाबंदी है, जिनकी मृत्यु वर्षों पूर्व हो चुकी है, उनका मृत्यु प्रमाण पत्र उपलब्ध नहीं है। उन्होंने कहा कि महाअभियान के दौरान ऐसे मामलों में उनके उत्तराधिकारी द्वारा सफेद कागज पर स्व–घोषणा पत्र देकर मुखिया या सरपंच के हस्ताक्षर से अभिप्रमाणित कराए जाने पर उसे मान्य किया जाएगा।

---

संस्कृति मंत्रालय ने लोक आस्था के महापर्व छठ को यूनेस्को की मानवता की अमूर्त सांस्कृतिक विरासत की प्रतिनिधि सूची में शामिल कराने की प्रक्रिया शुरू की है। मंत्रालय के अवर सचिव अंकुर वर्मा ने बताया कि छठ महापर्व की सांस्कृतिक, आध्यात्मिक और पर्यावरणीय महत्ता को देखते हुए इसे वैश्विक धरोहर घोषित करने का आग्रह किया गया था। मंत्रालय ने संगीत नाटक अकादमी को इसके लिए नोडल एजेंसी नियुक्त किया है। बिहार संग्रहालय के अपर निदेशक अशोक कुमार सिन्हा ने

बताया कि इस प्रस्ताव के समर्थन में विस्तृत दस्तावेज तैयार कर विभाग को भेज गए हैं।

---

संसद ने राष्ट्रीय खेल प्रशासन विधेयक, दो हजार पच्चीस और राष्ट्रीय डोपिंग रोधी संशोधन विधेयक, दो हजार पच्चीस को पारित कर दिया है। इस विधेयक को राज्यसभा में कल पारित किया गया है। लोकसभा पहले ही इसे पारित कर चुकी है। विधेयक पर चर्चा का जवाब देते हुए युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने कहा कि सरकार खेल महासंघों के चुनाव में पारदर्शिता लाने के लिए यह विधेयक लेकर आई है।

---बाइट---

ये बिल में सरकार कोई पावर कैचअप करना नहीं चाहती है। सरकार कोई फेडरेशन में हस्ताक्षेप नहीं करना चाहती है। सरकार कोई सिस्टम को नहीं कंट्रोल करना चाहती है। सभी में पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए हम उसको सहयोगी होने की कोशिश करेंगे, उसके लिए हम स्ट्रक्चर देंगे, उसके लिए हम व्यवस्था देंगे। ताकि एक ट्रांस्पेरेंट तरीके से हमारे एथिक्स को ऑप्प्यूनिटी मिले।

---

गृह मंत्रालय ने विदेश में रहनेवाले भारतीय नागरिकों– ओसीआई से संबंधित नियम कड़े कर दिये हैं। मंत्रालय ने कहा है कि यदि किसी व्यक्ति को दो वर्ष या उससे अधिक की कैद की सजा सुनाई जाती है, या उसके विरुद्ध सात वर्ष या उससे अधिक की कैद की सजा वाले अपराध के लिए आरोप–पत्र दायर किया जाता है तो उसका ओसीआई पंजीकरण रद्द कर दिया जाएगा।

---

केंद्रीय जांच ब्यूरो, सीबीआई की विशेष अदालत ने सृजन घोटाले के एक मामले भागलपुर के तत्कालीन जिलाधिकारी बीरेन्द्र प्रसाद यादव के खिलाफ आरोप गठित किया है। वर्तमान में श्री यादव कृषि विभाग में विशेष सचिव हैं। यह मामला वर्ष दो हजार चौदह से लेकर दो हजार सत्रह के बीच भागलपुर में हुए छत्तीस करोड़ निन्यानवे लाख रुपए के घोटाले से जुड़ा है।

---

उच्चतम न्यायालय ने सभी राज्यों को निर्देश दिया कि सजा पूरी कर चुके वह सभी कैदी जो अन्य मामले में वांछित नहीं हैं उन्हें तुरंत रिहा किया जाए। न्यायमूर्ति बी. वी. नागरत्ना और न्यायमूर्ति के. वी. विश्वनाथन की पीठ ने वर्ष दो हजार दो के नीतीश

कटारा हत्याकांड में सुखदेव यादव उर्फ पहलवान की रिहाई का आदेश देते हुए यह निर्देश दिया। पीठ ने कहा कि इस आदेश की प्रति सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के गृह सचिवों को भेजी जाए ताकि यह पता लगाया जा सके कि क्या कोई आरोपी या दोषी सजा की अवधि से अधिक समय तक जेल में है।

---

सर्वोच्च न्यायालय सेवा निवृत न्यायाधीश एल नागेश्वर राव को बिहार क्रिकेट एसोसिएशन लोकपाल नियुक्त किया है। एसोसिएशन के कुछ पदाधिकारियों के अवैध गतिविधियों में संलिप्त रहने की शिकायत के मददेनजर यह निणर्य लिया गया है। न्यायमूर्ति जेबी पार्दी वाला और आर महादेवन की पीठ ने कहा है कि संध के सुचारू संचालन के लिए यह आदेश पारित किया गया है।

---

इंस्टीट्यूट ऑफ पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन एंड रूरल डेवलपमेंट–बिपार्ड को भारतीय रजिस्टर क्वालिटी सिस्टम्स ने आईएसओ– नौ हजार एक– दो हजार पंद्रह का प्रमाणपत्र प्रदान किया है। यह सम्मान बिपार्ड की गुणवत्ता प्रबंधन प्रणाली की श्रेष्ठता और वैश्विक मानकों के अनुरूप कार्यप्रणाली की आधिकारिक मान्यता है। प्रमाणपत्र दस अगस्त दो हजार अट्ठाईस तक मान्य रहेगा।

---

प्रदेश में मॉनसून की सक्रियता से बारिश का सिलसिला जारी है। राजधानी पटना समेत आस–पास के जिलों में अहले सुबह से ही बारिश हो रही है। मौसम विभाग ने आज पश्चिमी चंपारण, सीवान और गोपालगंज समेत नौ जिलों में भारी बारिश से अति भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है।

–––बाइट–––

इधर, पिछले चौबीस घंटों के दौरान नालंदा जिले के सरमेरा में सबसे अधिक अंठानवे दशमलव दो मिलीमीटर बारिश रिकॉर्ड की गई।

---

पड़ोसी देश नेपाल और राज्य के सीमांचल क्षेत्र में बारिश में कमी होने के कारण प्रमुख नदियों का जलस्तर घट रहा है। केंद्रीय जल आयोग के अनुसार गंगा नदी के जलस्तर में बक्सर, पटना, मुंगेर और भागलपुर में कमी दर्ज की गयी है। हालांकि

बक्सर को छोड़कर नदी का जलस्तर शेष सभी स्थानों पर अब भी खतरे के निशान से ऊपर बना हुआ है। बक्सर में नदी खतरे के निशान से एक मीटर नीचे बह रही है। वहीं, पुनपुन नदी के जलस्तर में कमी के बावजूद श्रीपालपुर में यह लाल निशान के ऊपर बना हुआ है। गंडक नदी गोपालगंज के डुमरिया घाट में, बूढ़ी गंडक नदी खगड़िया, बागमती नदी मुजफ्फरपुर के बेनीबाद और कोसी नदी खगड़िया के बलतारा तथा कटिहार के कुर्सेला में खतरे के निशान से ऊपर बह रही है।

---

प्रदेश में बाढ़ की स्थिति गंभीर हो गई है। दस जिलों की लगभग उन्नीस लाख की आबादी बाढ़ की चपेट में है। हमारे संवाददाता ने बताया कि पटना में गंगा नदी का जलस्तर कम होने के बावजूद स्थिति गंभीर बनी हुई है।

———बाइट———

पटना जिले के छह प्रखंडों के अट्ठहत्तर गांव बाढ़ की चपेट में हैं। बिंद टोली से लेकर दानापुर के दियारा इलाके तक टापू जैसी स्थिति बन गई है। सैकड़ों घर जलमग्न हो गए है। खेतों में चार से पांच फीट तक पानी का जमाव हो गया है। लोग जे.पी. गंगा पथ समेत अन्य ऊंचे स्थानों पर अपना आशियाना बनाकर रहने को मजबूर हैं। इधर, अथमलगोला, बाढ़, दनियावां और मोकामा प्रखंडों में भी बाढ़ का पानी लगातार नये इलाकों में फैलता जा रहा है। राहत और बचाव कार्य में एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की एक—एक टीम लगी हुई है। जिला प्रशासन की ओर से बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में बारह सामुदायिक रसोईघर संचालित किए जा रहे है। वहीं, लोगों की सुविधा के लिए एक सौ तीन नाव का परिचालन किया जा रहा है। धर्मेन्द्र कुमार राय, आकाशवाणी समाचार, पटना।

कोसी और सीमांचल की नदियों का जलस्तर धीरे—धीरे कम होने उके बावजूद कोसी तटबंध के पांच स्थानों पर अभी भी पानी का दबाव बना हुआ है। इधर, भागलपुर में राष्ट्रीय उच्च पथ संख्या— अस्सी पर बाढ़ का पानी बह रहा है। हमारे संवाददाता ने बताया कि जिले के ग्यारह प्रखंडों के तीन सौ तैंतालीस गांवों की लगभग पांच लाख की आबादी बाढ़ से प्रभावित है।

———बाइट———

जिले के गोपालपुर प्रखंड में इस्माइलपुर—बिंद टोली तटबंध में स्पर आठ और नौ के बीच दरार आ गई है। दरार आने से तटबंध टूटने का खतरा बढ़ गया है। आसपास के लोग ऊंचे स्थानों की ओर पलायन करने लगे हैं। कई घर गंगा नदी के गर्भ में समा चुके हैं। जल संसाधन विभाग के अभियंता और कर्मी मौके पर सुरक्षात्मक कार्य चला रहे हैं। एन.एच अस्सी पर पानी का अब भी तेज बहाव हो रहा है। इसके चलते इस मार्ग पर आवागमन बाधित हुआ है। भागलपुर के शहरी क्षेत्र के निचले इलाकों में भी बाढ़ का पानी प्रवेश कर जाने से आम जनजीवन प्रभावित हुआ है। आकाशवाणी समाचार के लिए भागलपुर से विनोद कुमार।

मधेपुरा और कटिहार जिले में बाढ़ से कई पंचायतें प्रभावित हैं। मधेपुरा के आलमनगर प्रखंड में बाढ़ की स्थिति गंभीर बनी हुयी है।

---

उत्तराखंड के उत्तरकाशी जिले के धराली गांव में हुए भीषण भूस्खलन हादसे में पश्चिम चंपारण के ग्यारह मजदूरों के लापता होने की जानकारी मिली है। हमारे संवाददाता ने बताया है कि इनमें सरगटीया पंचायत के मगलहिया गांव के आठ जबकि घोघा पंचायत से तीन मजदूर शामिल हैं।

---

मुंगेर जिले में एक प्रॉपर्टी डीलर मंजीत मंडल और वाहन चालक चंदन मंडल के दोहरे हत्याकांड के मुख्य शूटर बबलू मंडल को पुलिस ने दिल्ली से गिरफ्तार कर लिया है।

---

दरभंगा जिले के अतरबेल विशनपुर पथ पर अपराधियों ने बीएसएफ के सब इंस्पेक्टर को नशा खिलाकर तीस लाख रुपये के आभूषण लूट लिये। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

---

खगड़िया जिला में तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। जिसमें परबत्ता प्रखंड के वैसा पंचायत स्थित मध्य विद्यालय के बच्चों ने शामिल होकर लोगो को हर घर तिरंगा फहराने के लिए जागरूक किया। वहीं, जिले के चौथम में भाजपा कार्यकर्ताओं ने करुआ मोड़ चौक से तिरंगा बाईक रैली निकाली।

---

अररिया के जोगबनी स्थित भारत नेपाल सीमा पर एक महिला ट्रक चालक रुबिया बेगम कोलकाता से निर्यात कंटेनर लेकर आईसीपी चेकपोस्ट पहुंची। आईसीपी प्रबंधक रत्नाकर यादव ने बुके और अंगवस्त्र देकर उन्हे समम्माित किया।

---

पश्चिम चंपारण जिले के बेतिया स्थित रोटरी क्लब ने लगभग ग्यारह लाख का वातानुकूलित शव वाहन नगर निगम प्रशासन को उपलब्ध करा दिया है। महापौर गरिमा देवी सिकारिया ने इसके लिए क्लब और मारवाड़ी सम्मेलन का आभार जताया है।

---

पटना जिला स्तरीय प्रतिभा खोज मशाल खेल प्रतियोगिता के बालक अंडर–16 आयु वर्ग के फुटबॉल के फाइनल मुकाबले में बिहटा प्रखण्ड ने मसौढ़ी प्रखण्ड को नौ–चार गोल के अंतर से हराकर खिताब जीता।

---

अखबारों की सुर्खियां...

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

**हिन्दुस्तान** ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के बिजली उपभोक्ताओं के साथ संवाद कार्यक्रम को बड़ी खबर बनाया है। अखबार लिखता है – घरेलू उपभोक्ताओं को सौर ऊर्जा का लाभ देगी सरकार। सोलह लाख लोगों से रूबरू हुए मुख्यमंत्री। **दैनिक जागरण** ने आगामी विधानसभा चुनाव पर कांग्रेस पार्टी के उम्मीदवारों के चयन पर लिखा है – कांग्रेस प्रत्याशियों पर आज से होगा मंथन। सत्ताईस सौ से अधिक आवेदन। **दैनिक भास्कर** की बड़ी खबर है – पूर्णिया एयरपोर्ट इसी माह चालू होगा। पीएम करेंगे चौथे एयरपोर्ट का उद्‌घाटन। सितम्बर से शुरू होगी विमानों की उड़ान। **प्रभात खबर** लिखता है – ट्रैफिक एसपी ने पुलिसकर्मियों को दी चेतावनी। कहा – किसी से नहीं करनी है बहस।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. प्रदेश में राजस्व महाअभियान के दौरान सरपंच और मुखिया के हस्ताक्षर से जारी मृत्यु प्रमाण पत्र भी होंगे मान्य।

02. लोक आस्था के महापर्व छठ को यूनेस्को की अमूर्त सांस्कृतिक विरासत सूची में शामिल कराने की प्रक्रिया शुरू हुई।

03. प्रदेश में गंगा समेत प्रमुख नदियों के जलस्तर में कमी के बाद भी दस जिलों में बाढ़ की स्थिति में कोई सुधार नहीं।

04. और, मौसम विभाग ने आज पश्चिम चंपारण, सीवान और गोपालगंज समेत नौ जिलों में भारी बारिश से अति भारी बारिश का अलर्ट जारी किया।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।